## सार-समाचार

### छबड़ा की बेटी कौन बनेगा करोड़पति टीवी शो में पहुंची

**छबड़ा** (निसं)। शुक्रवार को रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाले कौन बनेगा करोडपति शो में छबडा की निवासी सिमरन गौरी पुत्री मकसुद अली का चयन होने पर कस्बे में खुशी का माहौल है। हर किसी का यही कहना है कि छबड़ा की बेटी ने कौन बनेगा करोड़पति में भाग लेकर कस्बे का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया है। इस उपलब्धि के बारे में किसी को भी पता चल रहा है तो हर कोई सिमरन को बधाई दे रहा है। सिमरन बताया कि वे कई वर्षों से प्ले अलोन्ग खेलकर केबीसी के मंच तक जाने का प्रयास कर रही थी और इस वर्ष सीजन 14 में उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ है। सिमरन गौरी छबड़ा से दूसरी प्रतिभागी है जो केबीसी के मंच तक पहुंचने में सफल हुई है। सिमरन गौरी के बड़े भाई तनवीर आलम ने बताया कि सोनी टीवी पर 23 सितंबर को प्रसारित होने वाले शो की शूटिंग के लिए केबीसी की टीम की तरफ से सिमरन को मुम्बई आमन्त्रित किया गया था, जिसमें वो भी सिमरन के साथ मुंबई गए थे वहां उन्हें भी अमिताभ बच्चन से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। सिमरन की इस उपलब्धि पर छबड़ा में सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और उनको बधाईयां मिल रही है। उनके शो का प्रसारण 23 सितंबर शुक्रवार को रात 9 बजे सोनी टीवी पर किया जाएगा।

### पुरस्कार के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**बून्दी,** (निसं)। राज्य के सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्यजनों के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों, संस्थाओं को ' अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' के अवसर पर 3 दिसंबर को राज्य स्तरीय विशेष योग्यजन पुरस्कार योजना में सम्मानित करने के लिए प्रस्तावित आमंत्रित किए गए है।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि श्रेणी संख्या 1 पुरस्कार के लिए सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजन व्यक्ति शामिल है, जो उत्कृष्ट कार्य कर अन्य विशेष योग्यजनों के लिए उदाहरण साबित हुए हो। उन्होंने बताया कि श्रेणी संख्या 2 पुरस्कार के लिए विशेष योग्यजन के क्षेत्र में कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति,स्वंयसेवी संस्था, कार्यालय, ऐजेन्सियां जो विशेष योग्यजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हो। उन्होंने बताया कि बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय में संपर्क कर पात्रतानुसार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र एवं समस्त दस्तावेज सहित 15 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके बाद प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप एवं जारी किया गया पत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित

**झालावाड़,** (निसं)। पंचायती राज संस्थाओं में 31 जुलाई 2022 तक रिक्त हुए पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच के पदों के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. जिला कलेक्टर) राधेश्याम डेलू ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान 25 सितम्बर रविवार, दावों एवं आक्षेपों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 सितम्बर मंगलवार, दावों एवं आक्षेपों के निस्तारण की अवधि 4 अक्टूबर मंगलवार तथा पूरक सूचियों की तैयारी की तिथि 10 अक्टूबर सोमवार निर्धारित की गई है। वहीं निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 13 अक्टूबर गुरूवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति पिड़ावा मुख्यालय सुनेल में वार्ड संख्या 16 के पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत समरोल एवं पिपलोद में सरपंच, ग्राम पंचायत आंकखेड़ी के वार्ड 11 में उप सरपंच तथा कोल्वी उर्फ मण्डी राजेन्द्रपुर के वार्ड 4, क्यासरा के वार्ड 5, कोलूखेड़ी कला के वार्ड 6 व बनेठ के वार्ड 11 में वार्ड पंच के पद रिक्त हैं।

### आभार जताया

**छबड़ा,** (निसं)। अभी हाल ही में राजस्थान वक्फ बोर्ड द्वारा बारां जिला वक्फ कमेटी व छबडा तहसील वक्फ कमेटी का गठन किया गया है। गुरुवार को पार्षद व एडवोकेट हस्सान खान ने उन्हें जिला कमेटी में सलाहकार व तहसील कमेटी में नायब सदर नियुक्त करने पर आदर्श नगर विधायक व अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रफीक खान, राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ के चेयरमैन खानू खान बुधवाली, कैबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया, पूर्व विधायक करणसिंह राठौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन खान सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। खान ने कहा कि वो पूरी ईमानदारी से इस पद पर कार्य करते हुए शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास किया है, उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। वही साजिद खान को छबड़ा औफाफ कमेटी के सदर की जिम्मेदारी दी हैं। जाहिर खान, वली अहमद को सरपरस्त, पार्शद उमर खान को नायब सदर, मुष्ताक मोहम्मद को सचिव, अब्दुल सलीम को कोशाध्यक्ष व साजिद हुसैन, आदिल हुसैन, एडवोकेट सईद फारूकी, अजमत अली, जहुर हाष्मी को सदस्य बनाया हैं।

### संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। जिला पुनर्वास केन्द्र के सभागार में जिला बाल संरक्षण ईकाई, बाल अधिकारिता विभाग द्वारा गुरूवार को पीएम केयर चिल्ड्रन योजनान्तर्गत लाभान्वित बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ बच्चों को दिये जाने वाले परिलाभ, सुविधाओं के सम्बन्ध में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण ईकाई बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. अजीत शर्मा ने बताया कि संवाद कार्यक्रम में कोविड-19 में प्रभावित बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, कैरियर काउन्सलिंग व आवास के सम्बन्ध में चर्चा की गई। अभिभावकों व बच्चों के साथ संवाद के दौरान राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित वर्तमान योजनाओं की प्रगति व परिलाभ प्राप्त करने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

### तिलांजलि (तर्पण) कार्यक्रम 25 को

**झालावाड़,** (निसं)। श्री पीपा पीठ धाम झालावाड़ के पीठाधीश्वर झंकारेश्वराचार्य (त्यागी ) महाराज ने बताया कि हमारी संस्कृति के अनुसार सभी के हमारे ऊपरा उपकार है। उस उपकार का बदला उनकी कृतज्ञता के रूप में श्रद्धापूर्वक नमन स्मरण करे। तीन ऋण देव ऋण, ऋषि ऋण व पितृ ऋण होते है। वर्तमान में श्राद्ध पक्ष चल रहा है इसमें पितरों को पूरे पखवाड़े श्रद्धा पूर्वक तिलांजलि देना चाहिए। इसी को देखते हुए सर्व पितृ अमावस्या दिनांक 25 सितम्बर को समेलजी पीपाधाम झालावाड़ में प्रातः 11:15 बजे निःशुल्क पितरों का तर्पण करवाया जायेगा जिसके लिए श्वेत धोती एक उत्तरीयवस्त्र के रूप में अंगोछा व बैठने के लिए आसन तथा आचमन के लिए एक गिलास साथ में लेकर आना है। जिससे पितरों तर्पण आसानी से किया जा सकेगा।

### भैंरूलाल मीणा अध्यक्ष बने

**बून्दी** (निसं)। अखिल राज राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के जिलाध्यक्ष अनीस अहमद ने तालेड़ा क्षेत्र में संघटन को मजबूती प्रदान करने के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूमा के खेडा के प्रबोधक शिक्षक भेरूलाल मीणा को कर्मचारी महासंघ एकीकृत उपशाखा तालेड़ा का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति अगले निर्वाचन अथवा मनोनयन तक प्रभावी रहेगी। भेरूलाल की नियुक्ति से तालेड़ा उपखंड के कर्मचारियों में हर्ष की लहर है। उनकी नियुक्ति पर कर्मचारी महासंघ के जिला महामन्त्री अरुण शर्मा ,प्रबोधक संघ जिलाध्यक्ष नूतन तिवारी, घनश्याम शर्मा अटल, मनोज खटीक ,बलविंदर ढिल्लो, अशोक मन्दावत, वरुण शर्मा, रणजीत राजावत, जितेंद्र चंदेल, दुर्गाशंकर मीणा, कैलाश मीणा ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी संघटन के जिला प्रवक्ता मुस्तकीम बेहलीम ने मीडिया को दी।

### आज शाम 4 बजे तक दस्तावेज जमा होंगे

**छबड़ा** (निसं)। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में स्नातक भाग प्रथम वर्ष प्रवेश के दस्तावेज जमा किये जा रहे जो शुक्रवार को अंतिम दिन शाम 4 बजे तक जमा किए जायेंगे। राजकीय महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य कौशल किशोर ने बताया कि स्नातक भाग प्रथम वर्ष के दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि शाम 4 बजे तक है एवं जिन छात्राओं ने पिछले वर्ष देवनारायण स्कूटी योजना में फॉर्म भरा था, उनकी लिस्ट के दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि भी शाम 5 बजे तक उसके बाद आने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### तैयारी बैठक आज

**कोटा,** (निसं)। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक के जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन की पूर्व तैयारी के लिए जिला कलक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में शुक्रवार 23 सितम्बर को प्रातः 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

# अवैध देशी पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार

**बूंदी** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने अवैध हथियार तस्करी, अवैध मादक पदार्थ, अवैध गतिविधियों पर प्रभारी जिला विशेष टीम व समस्त थानाधिकारी गण को अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश पर कोतवाली थानाधिकारी सहदेव सिंह पु.नि. के नेतृत्व में थाना स्तर की टीम ने कार्रवाई करते हुये आरोपी सियाराम नागर से एक अवैध देशी पिस्टल जब्त करने में सफलता अर्जित की है। आरोपी से अनुसंधान जारी हैं।

थानाधिकारी सहदेव सिंह ने बताया कि जाब्ता के साथ दौराने गस्त नाकाबन्दी के देवली तिराहा से धानमंडी के ओर आती मोटरसाईकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस नं. कर उसके चालक से नाम पता पूछा तो घबराते हुये उसने अपना नाम सियाराम नागर पुत्र देवलाल नागर धाकड़ (22) निवासी दौलाड़ा थाना सदर जिला बून्दी का होना बताया। संदिग्ध सियाराम नागर की नियमानुसार तलाशी ली तो एक देशी पिस्टल मिला जिसका कोई अनुज्ञापत्र नहीं होना बताया। आरोपी सियाराम का कृत्य धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध होने से बाद मौके की कार्रवाई करते हुए मोटरसाईकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस व मोबाईल जब्त कर गिरफ्तार कर लिया।



बूंदी में नाकाबंदी के दौरान देशी पिस्टल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

## चन्द्रभागा मेले के संबंध में बैठक हुई

**झालावाड़,** (निसं)। चन्द्रभागा मेला, झालरापाटन में 7 से 9 नवम्बर तक पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के संबंध में जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में गुरूवार को मिनी सचिवालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि चन्द्रभागा पशु मेला कई वर्षों से बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाता रहा है। परन्तु इस वर्ष प्रदेश में फैल रही लम्पी स्कीन डिजीज के कारण पशु हॉट मेलों पर रोक लगाई गई है, जिसके मद्देनजर इस वर्ष झालरापाटन में भी पशु मेले को छोड़कर अन्य गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाने का निर्णय लिया गया है। जिला कलक्टर ने बताया कि चन्द्रभागा मेले में प्रति वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इसलिए चन्द्रभागा मेले के पुराने स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए इस वर्ष विशेष आर्कषण के लिए नई गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया जाएगा।

## 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के तहत मुख्य बाजार का निरीक्षण किया

**बूंदी** (निसं)। 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के तहत सीएमएचओ ओपी सामर एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय सिंह ने गुरुवार को बून्दी के बाजार का सर्वे किया। एवं खाद्य पदार्थों का निरीक्षण कर नमूने लिए सीएमएचओ ड्डॉ ओपी सामर साहब की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा टीम के संजय सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं मोजी लाल कुम्भकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं टीम ने मोके पर जाकर निरीक्षण किया और शिवम् ट्रेडर्स बून्दी से खाद्य पदार्थ का नमूना लिया तथा कृष्णा डेयरी एवं रोनक डेयरी से नमूने लिए।

बुधवार को किसी आम नागरिक द्वारा कलर युक्त मटर बेचने के बारे में शिकायत प्राप्त हुई थी जिसके संदर्भ में भी आज डेयरी संस्थानों पर एवं बून्दी में स्थित सब्जी मण्डीयों में मटर का निरीक्षण किया। दौरान मेन मार्केट वाली सब्जी मण्डी में विक्रेता राकेश, नूरद्दीन आदि कई विक्रेताओं के मटर को मोके पर ही निरक्षण कर सभी विक्रेताओं को हिदायत दी गई एवं बहादूर सिंह सर्किल पर स्थित सब्जी मण्डी का निरीक्षण कर सभी विक्रेताओं को हरे रंग से रंगी हुई मटर को बेचने के लिए मना किया। एवं अपने आस पास साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। डॉ ओपी सामर साहब अभिहित अधिकारी द्वारा उक्त हरा कलर लगा मटर पुनः बेचते हुए पाए जाने पर उचित कार्यवाई करने के निर्देश दिए। ताकि आम जनता को अशुद्ध खाद्य पदार्थ के सेवन करने से बचाया जा सकें। इस दौरान टीम सदस्य नरेश मेवाडा, करामत खान का विशेष सहयोग रहा।



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के तहत बाजार में नमूने लिये।

## सीएमएचओ डॉ. ओपी सामर ने चिरंजीवी चौपाल का निरीक्षण किया

**बून्दी** (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी सामर ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के अन्तर्गत गुढानाथावतान व हट्टीपुरा में चल रही चिरंजीवी चौपाल में पहुंचकर चिरंजीवी योजना की प्रगति की जानकारी ली साथ ही चौपाल में आये ग्रामीणों को पम्पलेट वितरण करवाकर चिरंजीवी योजना की जानकारी प्रदान की चौपाल के दौरान उन्होंने योजना से वंचित परिवारों का पंजीयन करने के लिए प्रति आशा व एएनएम को चौपाल के तहत् 10 परिवारों का पंजीयन करने के लिए निर्देशित किया।

गुढानाथावतान में जनकल्याणकारी योजना से ग्रामीणों से जोडने के लिए कई भामाशाह भी सामने आ रहे है। इसी क्रम में गुढानाथावतान पंचायत समिति के सदस्य दलवीर सिंह यादव ने 12 परिवारों के चिरंजीवी योजना में पंजीयन के लिए राशि दान की एवं 850 रूपये प्रति परिवार को जोडने के उद्देश्य से 6 परिवार ग्राम मंगाल व 6 परिवार ग्राम गुढानाथावतान को दिये। डॉ0 सामर ने चिरंजीवी चौपाल के बाद पीएचसी गुढानाथावतान का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि समस्त स्टाफ समय पर चिकित्सा संस्थान पर आये यह सुनिश्चित करें तथा जो कर्मचारी समय पर नहीं आ रहे है, उन्हें समय पर आने के लिऐ पाबन्द किया जाये इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में गुढानाथावतान में जिन लोगों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, उनका रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करे। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा संस्थानों पर साफ सफाई का विशेष ध्यान देने एवं आमजन को विभाग की योजनाओं का पूरा लाभ मिले यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

डॉ सामर ने मातृ शिशु स्वास्थ्य दिवस का निरीक्षण किया। पीएचसी निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौसमी बीमारी के प्रतिदिन बुखार के व्यक्तियों की ब्लड स्लाइड लेने के निर्देश देते हुऐ कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभार्थियों को मोटिवेशन करके इस योजना में चिरंजीवी चौपाल के तहत् पंजीकरण करवाने के निर्देश दिये।

## पर्यटन विकास समिति की बैठक हुई

**झालावाड़,** (निसं)। जिला स्तरीय पर्यटन विकास समिति की बैठक गुरूवार को जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने गागरोन किले में उग रही जंगली घास एवं झाड़ियों की पूर्ण रूप से सफाई कराने तथा पर्यटकों के लिए कैफेटेरिया खुलवाने से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोल्वी की गुफाओं पर आवश्यक सुविधाएं एवं साफ-सफाई, लाईट व्यवस्था आदि कार्य करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला कलेक्टर ने गांवड़ी तालाब के किनारे प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए आरएसआरडीसी के अधिकारी को लाइटें लगवाने सहित अन्य कार्य पूर्ण कर नगर परिषद् को सौंपने के निर्देश दिए।

# 'हमारा स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी' अभियान 26 सितंबर से

**बून्दी** (निसं)। मानसून के बाद मलेरिया व डेंगू रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी के चलते सभी विभाग मिलकर, आपसी समन्वय के जरिए इन मौसम व मच्छरजनित बीमारियों को रोकने का साझा प्रयास करेंगे। राज्य सरकार ने विगत वर्षों के आंकडों के आधार पर आशंका व्यक्त की है कि सितंबर आखिर व अक्टूबर माह में डेंगू केसेज में ज्यादा बढ़ोतरी होती है।

लिहाजा इस अवधि के दौरान मच्छरों की ट्रांसमिशन श्रृंखला को तोडऩे के लिए मच्छर रोधी गतिविधियां आवश्यक है, जिसके लिए 26 सितंबर से 21 अक्टूबर तक 'हमारा स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी अभियान' चलाया जाएगा।सीएमएचओ डॉ. सामर ने बताया कि अभियान के दौरान चिकित्स विभाग की ओर से आशा व एएनएम सर्वे करेंगी और एलएचवी व पीएचएन सुपरवाइजर होंगे। टीमें घर-घर बुखार के रोगियों का सर्वे व एंटीलार्वल गतिविधियां कर रिपोर्ट तैयार करेंगी और बुखार के रोगियों की रक्त पट्टिकाएं बनाएंगी। इसी तरह संबंधित एरिया के स्थानीय निकाय नालियों की नियमित सफाई, नालियों व गंदे पानी के स्त्रोतों में एमएलओ डालने, फोगिंग करने, सडक़ पर बने गड्ढों को भरने, घर के बाहर रखी टंकी व अन्य पानी के स्त्रोतों को साफ करवाने, जिन घरों में मच्छर के लार्वा पाए जाएं वहां चालान कार्रवाई करने, मुख्य जन निकायों की सफाई, यहां उगने वाली अनावश्यक वनस्पतियों की सफाई व कटाई व प्रचार-प्रसार गतिविधियां करेंगे। नागरिक सुरक्षा विभाग छत पर रखी पानी की टंकियों की सफाई करवाने व खुली टंकियों को ढकने के निर्देश देंगे। ईएसआई व रेलवे अस्पताल डेंगू की जांच कर प्रतिदिन रिपोर्ट सीएमएचओ व निदेशालय में भेजेंगे। अपने कैंपस व संबंधित इलाके में सोर्स रिडक्शन व एंटीलार्वल गतिविधि करेंगे।

पशुपालन विभाग स्क्रब टायफस नियंत्रण व बचाव के लिए आवश्यक गतिविधयां करेंगे। आयुर्वेद विभाग सर्वे व सुपरविजन गतिविधियों में सहयोग देंगे। पंचायती राज विभाग डीडीटी स्प्रे संचालन के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता व ग्रामीण क्षेत्रों में फोगिंग करवाएंगे। शहरी विकास विभाग, हाउसिंग बोर्ड व आवासन मंडल कॉलोनियों व मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट एवं कन्सट्रक्शन साइट पर नियमित एंटीलार्वल व अन्य गतिविधियां करवाएंगे। नर्सिंग काउंसिल की ओर से नर्सिंग स्टूडेंट्स से सर्वे कार्य करवाएंगे। वहीं शिक्षा विभाग स्टूडेंट्स को प्रार्थना सभा में मौसमी बीमारियों व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे और विद्यालय परिसर में एंटीलार्वल व सोर्स रिडक्शन गतिविधियां करेंगे। इसके साथ ही 22 सितंबर को सभी विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए शपथ ली गई।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मौसमी बीमारियां रोकने की शपथ दिलाई।

## सार-समाचार

### अतिक्रमण हटाने की मांग की

**मांगरोल** (निसं)। कस्बे में हिंदू समाज की आस्था का केंद्र रावण जी के ढोल स्थल पर चारदीवारी काम चल रहा है लेकिन ढोल के आसपास आ गए अतिक्रमण हटाने को लेकर हिंदू समाज की ओर से बुधवार को अतिक्रमण हटाने वह पैमाइश कराने को लेकर ज्ञापन दिया था जबकि रावण जी ढोल की जमीन 1985 के अनुसार रिकॉर्ड में 14 बीघा के करीब जमीन थी बीच में किसी अधिकारी द्वारा इस जमीन के साथ हेराफेरी कर नगर पालिका खाते में चढा दिया गया था लेकिन हिंदू समाज द्वारा जमीन को रावण जी के ढोल के नाम दर्ज करा कर अब वर्तमान में 1 पॉइंट 38 एकड़ भूमि रावण जी के ढोल के नाम दर्ज है करीबन 8:30 बीघा के ऊपर जमीन दर्ज है लेकिन रावण जी के ढोल के आसपास अति कर्मियों ने अवैध रूप से मकान बनाकर वह खिड़की दरवाजे निकाल लिए गए हैं इसलिए अतिक्रमण हटाने को लेकर सब हिंदू समाज की ओर से ज्ञापन दिया गया था इसमें पैमाइश करा कर अतिक्रमण हटाकर चारदीवारी का निर्माण किया जाए ऐसा नहीं किया गया तो हिंदू समाज जन आंदोलन करेगा इस विकट समस्या को देखते हुए उपखंड अधिकारी मांगरोल ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में दोनों समुदायों के लोगों को बुलाकर मीटिंग ली गई जबकि मीटिंग हिंदू समाज की ओर कहां की रावण जी के ढोल के नाम जो जमीन जिओ 1 पॉइंट 38 सेक्टर भूमि है उसकी पैमाइश करवा कर ही निर्माण करवाया जाए मीटिंग में उपखंड अधिकारी मांगरोल रजत कुमार विजय, तहसीलदार मांगरोल ,नगर पालिका अध्यक्ष कौशल सुमन ,थानाधिकारी मांगरोल रामस्वरूप मीणा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शुभम गुप्ता, नगर पालिका के सहायक अभियंता नारायण लाल मीणा ,हिंदू समाज की ओर से पूर्व पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ,कर्मवीर शर्मा, निरजन जैन , हरिओम शर्मा वह मुस्लिम समुदाय की ओर से जमील अहमद रफीक बाड़ी अन्य मुस्लिम के लोग मौजूद रहे।

### किशोरी शैक्षिक उत्सव 2022 का आयोजन

**इटावा** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सन्मानपुरा में गुरुवार को किशोरी शैक्षिक उत्सव 2022 का आयोजन किया गया। राज्य सरकार की गाइड लाइन के अनुसार कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 से 12 के अलग-अलग समूह बनाए गए। उत्सव में स्थानीय विद्यालय के अतिरिक्त अधीनस्थ विद्यालय यूपीएस बांगरोद व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरदा ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य सुरेशचंद रावत व पूर्व प्रधानाध्यापक बालमुकुंद नागर व स्टाफ सदस्यों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। किशोरी शैक्षिक उत्सव प्रभारी रोशन मीणा ने बताया कि समूह 6 से 8 में अंग्रेजी में आर्टिकल मॉडल, विज्ञान में हृदय मॉडल व सामाजिक विज्ञान में चंद्रमा की कलांओ के मॉडल के साथ सन्मानपुरा विद्यालय विजेता रहा। इसके साथ ही समूह 9 से 12 में अंग्रेजी में प्रपोजिशन मॉडल, सामाजिक ज्ञान में वायु प्रदूषण मॉडल व गणित में बीजीय सर्वसमिकाएं के मॉडल के साथ सन्मानपुरा विद्यालय विजेता रहा। इस उत्सव में बोरदा, बांगरोद व सन्मानपुरा विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। प्रधानाचार्य सुरेश रावत ने सभी अतिथियों व विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और सफल उत्सव आयोजन के लिए समस्त टीम को बधाई दी।

### उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**मांगरोल** (निसं)। महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को छात्रसंघ अध्यक्ष के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने राजकीय महाविद्यालय के बाहर धरना देकर नगर में जुलूस निकालकर उपखंड कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी कर शिक्षा मंत्री के खिलाफ स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की एवं अपनी जन समस्याओं को अधिकारी को अवगत कराया कहा कि हमारा महाविद्यालय मैं पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं 510 है विद्यालय में ना अध्यापक है ना स्टाफ पुरानी बिल्डिंग जर्जर भवन में महाविद्यालय चल रहा है बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है ना शौचालय है ना सुविधा छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ता है जबकि इटावा रोड पर नवनिर्मित कॉलेज वह तरीके से बन चुका है इसलिए उच्च नए कॉलेज में हमारे लिए बैठने की व्यवस्था की जाए इसे पढ़कर अपना भविष्य बना सके क्या संघ अध्यक्ष राजेश गुर्जर ने बताया कि कि महाविद्यालय में 8 जनों का स्टाफ होना की संख्या है वर्तमान में 4 अध्यापक अध्यापिका है इसलिए छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पा रही और और शिक्षक लगाई जाए ज्ञापन देने में अंकिता प्रिया मोना राखी अंकित हजारों अन्य छात्राएं मौजूद है।

### ग्राम समितियां गठित करने पर चर्चा

**इटावा** (निसं)। तहसील पीपल्दा एवं खातोली की भारतीय किसान संघ की संयुक्त बैठक गुरुवार को कृषि उपज मंडी इटावा में संपन्न हुई। जिसमें संगठन को मजबूत करने के लिए ग्राम समितियां गठित करने की बात पर जोर दिया गया जिसके तहत सभी ग्राम पंचायतों के प्रभारी नियुक्त कर कार्य विभाजन किया गया। प्रवक्ता उमाशंकर धाकड नीमसरा ने बताया कि जितेंद्र कुमार नागर को जिला युवा प्रमुख एवं मुकुट बिहारी मीणा को तहसील उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने पर सदस्यों ने खुशी जताई।बैठक में संभाग अध्यक्ष विक्रम सिंह, प्रांत संगठन मंत्री परमानंद, जिलाध्यक्ष गिरिराज चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष रूपनारायण यादव, तहसील अध्यक्ष अशोक जांगिड़, रविंद्र योगी, प्रेमशंकर नागर, रमेश नागर,रामेश्वर मीणा ,रामदयाल मीणा,हरिशंकर नागर,गोपी लाल सुमन, प्रभुलाल मीणा आदि किसान मौजूद रहे। साथ ही नवीन दायित्व की घोषणा जिला अध्यक्ष गिरिराज चौधरी ने की।

### पोषण संबंधी जानकारी दी

**छबड़ा,** (निसं)। आंगनबाडी केंद्र कड़ैयानोहर पर गुरूवार को पोषण माह का आयोजन किया गया, जिसमें पोषण संबंधी जानकारी दी। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर हरीश कटारे ने बताया कि गर्भवती माताओं को सामान्य महिलाओं से अधिक भोजन की आवश्यकता होती है क्योंकि उनके भ्रूण में पल रहे बच्चे को भी भोजन मां के आहार से ही मिलता है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना तथा इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना के बारे में शर्तों को समझाते हुए सलाह दी कि योजना का लाभ लेने के लिए जनाधार से बैंक खाता लिंक करवाएं। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र बिंदाराड़ी और भूलोन में प्रोग्राम मैनेजर अनुराधा सोनी द्वारा जानकारियां दी। यहां एएनएम मरियम्मा एवं सुरेश कुशवाहा, मोहम्मद इरफान, विजय शर्मा, सतीश नामा एवं चित्रा शर्मा ने भी पोषण संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की।

### इटावा में रामलीला का मंचन 24 से

**इटावा** (निसं)। इटावा नगर में आदर्श रामलीला संस्थान के तत्वावधान में इटावा नगर में रामलीला का मंचन शनिवार 24 सितम्बर से होगा। महामंत्री बलराम गर्ग ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय कलाकारों द्वारा ही मंचन किया जाएगा। नगर में हर वर्ष रामलीला का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर अध्यक्ष चैनसुख मित्तल, उपाध्यक्ष मूलचंद मीना, प्रमोद कोठारी, गिरधारी नागर, दुर्गाशंकर सोनी, हेमंत नागर, प्रदीप नागर, चेतन बंसल सहित कार्यकारणी के सदस्य मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात की

**छबड़ा** (निसं)। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के ट्रांसफर की मांग को लेकर जयपुर में शिक्षक संघ युवा के प्रदेश अध्यक्ष आरसी जाखड़ नेतृत्व में किए गए धरना-प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कुमार मीणा के नेतृत्व में जिले के शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने भाग लिया। यहां प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह, भुवनेश मालव, धर्मेंद्र, हरिप्रकाश मेघवाल, पूरनमल गुर्जर सहित सैकडो शिक्षक मौजूद रहे।

### शुक्रवार को नीलामी बंद

**छबड़ा,** (निसं)। कृषि उपज मंडी समिति में लहसुन की भारी आवक से हो रही अव्यवस्थाओं के चलते नीलामी प्रक्रिया षुक्रवार को बंद रहेगी। ग्रेन मर्चेंट एसोएिसशन के सचिव पुनीत गालव के अनुसार इन दिनों यहां लहसुन की आवक में बढोत्तरी होने से अव्यवस्थाएं होने लगी है। इस कारण षुक्रवार को नीलामी कार्य बंद रखने का निर्णय लिया हैं ताकि व्यवस्थाएं पुनः सुचारू की जा सके।

### समीक्षा बैठक 30 सितम्बर को

**झालावाड़,** (निसं)। पन्द्रह सूत्रीय कार्यक्रम की तृतीय तिमाही जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक 30 सितम्बर को दोपहर 12 बजे जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गजेन्द्र गौतम द्वारा दी गई।